**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी शिमला**
**17.05.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- प्रदेश में पहली जून को होने वाले चुनाव की तस्वीर साफ–4 लोकसभा सीटों पर 37 जबकि 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में।
- केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा–कांग्रेस और विकास का दूर–दूर तक कोई नाता नहीं।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–राजनीति में जनसेवा के लिए नहीं आए राजेंद्र राणा।
- लाहौल स्पीति से भाजपा के बागी नेता डॉक्टर रामलाल मारकंडा और धर्मशाला से राकेश चौधरी अनुशानहीनता के लिए पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित।

**समाचार विस्तार से..............**

**चुनावी तस्वीर**

प्रदेश में पहली जून को होने वाले 4 लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा उप–चुनाव के लिए नामांकन पत्र वापस लेने की समय सीमा आज समाप्त हो गई। इसी के साथ प्रदेश में चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। नाम वापसी के उपरांत अब चार संसदीय क्षेत्रों में 37 उम्मीदवार जबकि 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप–चुनाव में 25 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने आज शिमला में कहा कि नाम वापस लेने के अंतिम दिन शिमला संसदीय क्षेत्र से दो और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने अपना नाम वापस लिया। मंडी और हमीरपुर संसदीय क्षेत्रों से किसी उम्मीदवार ने अपना नाम वापस नहीं लिया। इसी तरह विधानसभा उप–चुनाव के लिए गगरेट और सुजानपुर से दो–दो जबकि धर्मशाला, लाहौल स्पीति, कुटलैहड़ और बड़सर से किसी भी उम्मीदवार ने नामांकन वापस नहीं लिया। नामांकन वापस लेने के बाद कांगड़ा और मंडी संसदीय क्षेत्रों में 10–10, हमीरपुर में 12 और शिमला संसदीय क्षेत्र में पांच उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। इसी तरह धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में नामांकन वापसी के बाद अब चार उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। जबकि लाहौल स्पीति में 3, सुजानपुर में 6, कुटलैहड़ में 4, गगरेट में 5 और बड़सर में तीन उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं।

**अनुराग ठाकुर**

भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस और विकास का दूर– दूर तक का कोई नाता नहीं है। अनुराग सिंह ठाकुर ने आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र

के धर्मपुर मंडल में एक दर्जन से अधिक जनसंपर्क कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि नेता, नीति और नेतृत्व के अभाव में इंडी गठबंधन पूरी तरह से बिखर गया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन में लोकसभा चुनाव खत्म होने से पहले गांठें पड़ चुकी हैं और गठबंधन के सभी दल एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। इस सब के बावजूद इंडी गठबंधन सत्ता के सपने देख रहा है जो कभी पूरे नहीं होंगे। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की प्राथमिकता हमेशा तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति रही है। उन्होंने कहा कि जब तक भाजपा है तब तक देश में धर्म के आधार पर आरक्षण लागू नहीं होने दिया जाएगा। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और नारी सशक्तिकरण भाजपा की प्राथमिकताओं में है। दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन आए दिन महिलाओं को प्रताड़ित और अपमानित करने वालों को संरक्षण दे रहा है। दिल्ली में आप सांसद स्वाति मालीवाल के साथ घटित घटना इसका ताजा उदाहरण है।

**<u>जयराम ठाकुर</u>**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने विकास को प्राथमिकता दी जबकि मौजूदा कांग्रेस सरकार ने पहले दिन से ही प्रतिशोध की राजनीति को बढ़ावा दिया। जयराम ठाकुर ने आज सिराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर आयोजित चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का बजट बढ़ा कर तीन गुणा से अधिक किया जबकि कांग्रेस सरकार केवल झूठी गारंटियां देकर सत्ता में आई और सभी योजनाओं का बजट भी रोक दिया। जयराम ठाकुर ने कहा कि बीते दस साल का कार्यकाल देश में विकास के लिहाज से ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रदेश की सभी चारों लोकसभा सीटें और विधानसभा की 6 सीटें जीतने जा रही है।

**<u>स्टार प्रचारक</u>**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और 6 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उप–चुनाव के लिए अब 14 दिन शेष रह गए हैं। ऐसे में चुनाव प्रचार में तेजी लगातार जारी है। राज्य के दोनों प्रमुख दल भाजपा व कांग्रेस के शीर्ष नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा कल 18 मई को सोलन, कांगड़ा और चंबा जिलों में चुनाव जनसभाओं को संबोधित कर पार्टी प्रत्याशियों के लिए जनसमर्थन मांगेंगे। नड्डा की पहली चुनावी जनसभा कंगड़ा के फतेहपुर में और दूसरी जनसभा चंबा के ऐतिहासिक चौगान मैदान में होगी। इसके बाद वे सोलन जिला के अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार में चुनाव रैली को संबोधित करेंगे। पार्टी के महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने कहा कि नड्डा की चुनावी रैलियों को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

## सुक्खू

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि सुजानपुर से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा जनसेवा नहीं बल्कि धन सेवा के लिए राजनीति में आए हैं। मुख्यमंत्री ने आज सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यहां से पूर्व विधायक राजेंद्र राणा उनके पास कभी जनता के काम से नहीं बल्कि अपने क्रशर के लिए पर्यावरण स्वीकृति और अपने होटल के लिए सड़क बनवाने के काम से ही आते रहे। उन्होंने ये भी कहा कि राजेंद्र राणा ने राजनीतिक षडयंत्र के तहत पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल को चुनाव में हराया। सुक्खू ने कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार सतपाल रायजादा और सुजानपुर से उप–चुनाव में कैप्टन रणजीत सिंह राणा के लिए वोट की अपील करते हुए कहा कि इस विधानसभा क्षेत्र के लोगों से जो गलती पहले हुई थी उसे अब सुधारना है।

## निष्कासित

प्रदेश भाजपा ने लाहौल स्पीति से पार्टी के बागी नेता डॉक्टर रामलाल मारकंडा और धर्मशाला से राकेश चौधरी को 6 सालों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने आज शिमला में कहा कि ये दोनों नेता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं, जो अनुशासनहीनता है। इसलिए इन दोनों नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया है। इस बीच बड़ी संख्या में निर्दलीय उम्मीदवारों द्वारा अपना नामांकन वापस नहीं लेने के चलते विधानसभा उपचुनाव के साथ–साथ लोकसभा चुनाव के समीकरण पर भी असर देखने को मिलेगा। बागियों के मैदान में डटे रहने से दोनों ही दलों के चुनावी समीकरण बिगड़ सकते हैं।

## विक्रमादित्य सिंह

मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि जनजातीय क्षेत्रों के विकास में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान है। लाहौल घाटी के उदयपुर में आज एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि रोहतांग सुरंग लाहौल घाटी के लिए कांग्रेस की बहुत बड़ी देन है और भाजपा का कोई योगदान नहीं है। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि वह मंडी संसदीय क्षेत्र के विकास को लेकर चुनाव मैदान में है जबकि भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत के पास क्षेत्र के विकास का कोई विजन नहीं है। विक्रमादित्य सिंह ने लाहौल घाटी में विभिन्न स्थानों पर चुनाव प्रचार कर मतदाताओं से अपने लिए समर्थन मांगा। विक्रमादित्य सिंह इस दौरान उप–चुनाव में पार्टी प्रत्याशी अनुराधा राणा के रोड़ शो में शामिल हुए। इससे पूर्व विक्रमादित्य सिंह का लाहौल घाटी पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने स्वागत किया।

**मनीष गर्ग**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने सभी राज्य नोडल अधिकारियों को चुनाव व्यय की गहन निगरानी करने, प्रदेश में शराब, नकदी और नशीली दवाईयों की अवैध तस्करी को नियंत्रित करने और अवैध खनन पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। गर्ग आज शिमला में विभिन्न राज्य और केंद्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ वीडियो काफ्रेंस के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने एजेंसियों को अवैध गतिविधियों पर लगाम कसने के लिए तेजी लाने को कहा ताकि राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित हो सके।

**कंगना रणौत**

मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत ने कहा है कि केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय व धार्मिक विरासतों के पुनः निर्माण और संरक्षण के लक्ष्य को लेकर काम कर रही है। मंडी और कुल्लू जिला में आज विभिन्न स्थानों पर चुनावी संवाद के दौरान कंगना रणौत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते दस सालों में हर क्षेत्र में दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के बाद दशकों तक उपेक्षित प्राचीन भारतीय कलाकृतियों की पुनः प्राप्ति और संरक्षण पर नये सिरे से ध्यान केंद्रित किया है।

**रोहित ठाकुर**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र के उबादेश क्षेत्र की रतनाड़ी पंचायत में चुनाव प्रचार कर पार्टी प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के लिए वोट मांगे। रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा सांसद सुरेश कश्यप ने बीते पांच सालों में शिमला संसदीय क्षेत्र के मुद्दों पर कोई ध्यान नहीं दिया और अब जनता के मुद्दों को उठाने की बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में भाजपा को केवल वोट की ताकत से रोका जा सकता है। उन्होंने भाजपा पर चुनी हुई सरकारों को गिराने का आरोप भी लगाया है। उनके साथ माकपा नेता राकेश सिंघा और जुब्बल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मोती लाल डेरटा भी मौजूद रहे।